दूरभाष– 9473942554 ई–मेल– ee_cd_kheri@yahoo.in

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय
ग्राम- भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701

पत्रांक 2593 / N-48 / 109 दिनांक– 03/08/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः– **दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 02.08.2026 को प्रकाशित खबर ''लखीमपुर खीरी में जल जीवन मिशन का कार्य अधूराःचौरिया गांव में पानी की सप्लाई बाधित, ग्रामीण परेशान'' के सम्बन्ध में आख्या।**

**महोदय,**

दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 02.08.2026 को प्रकाशित खबर ''लखीमपुर खीरी में जल जीवन मिशन का कार्य अधूराःचौरिया गांव में पानी की सप्लाई बाधित, ग्रामीण परेशान, के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय –484 नग, गृह जल संयोजन–532669 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1127 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–बांकेगंज की बाबरपुर चौरिया पाइप पेयजल योजना से सम्बन्धित है। बाबरपुर चौरिया पेयजल योजना का कार्य एजेंसी मैसर्स वी0टी0एल–गाजा लि0 नोएडा द्वारा कराया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर अभिषेक कुमार द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए पंचायत का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बाबरपुर योजना में बाबर, चौरिया, बरगदिया, लखैया और मोतीखेडा कुल पांच मजरे है जिनमें से चौरिया गांव में जलापूर्ति चालू है बाबरपुर गांव में एक लीकेज पाया गया है बरगदिया, लखैया में वाटर प्रेशर की समस्या है एवं मोती खेड़ा गांव में ग्रामीणों द्वारा गृह जल संयोजन नहीं लिया गया है लीकेज मरम्मत के लिए एजेंसी मैसर्स वी0टी0एल–गाजा को निर्देषित कर दिया गया है तथा जिसे अगले 02 दिन में पूर्ण करा लिया जायेगा। बरगदिया, लखैया गांव में टैंक से जलापूर्ति उपलब्ध कराने पर वाटर प्रेशर की समस्या का स्वतः निस्तारण हो जायेगा योजना में आंशिक जलापूर्ति चालू है। जिसके फोटोग्राफ संलग्न हैं।

**सादर सूचनार्थ।**
**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

दूरभाष– 9473942554

ई–मेल– ee_cd_kheri@yahoo.in

# फोटोग्राफ संलग्न









भवदीय

अधिशासी अभियन्ता।

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।</u>

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1- अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण), उ0प्र0।
2- जिलाधिकारी, लखीमपुर खीरी।
3- श्री प्रियांशू यादव, डी0पी0एम0, मै0 वी0टी0एल–गाजा (जे0वी0) लखीमपुर खीरी।
4- गार्ड फाइल।

अधिशासी अभियन्ता।